## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद् की दिनांक 25.02.2023 को सम्पन्न 22वीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **प्रो0 डी0 परमार**<br>प्रति–कुलपति<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | **श्री अन्नावि दिनेश कुमार**<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग<br>(प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 4. | **प्रो0 मनीष गौर, प्रति–कुलपति**<br>डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य<br>(वीडियो कान्फेन्सिंग) |
| 5. | **प्रो0 मनीष गोस्वामी**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 6. | **श्री अजय जौहरी,**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फेन्सिंग) |
| 7. | **डा0 रिपुदमन सिंह**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 8. | **श्री यादवेन्द्र सिंह**<br>मैनेजिंग डाइरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0, डी–5, साइट–1, पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया, कानपुर–208022<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |
| 9. | **डा0 चन्द्र शेखर उपाध्याय,**<br>एरोस्पेश इंजीनियरिंग विभाग, आई0आई0टी0, कानपुर।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकीविद्) | सदस्य |
| 10. | **प्रो0 सुधीर कुमार शर्मा,**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |
| 11. | **श्रीमती ऐश्वर्या**<br>वित्त एवं लेखाधिकारी, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |

**बैठक में निम्नलिखित उपस्थित नहीं हो सकेः**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 योगेश सिंह**<br>कुलपति<br>दिल्ली विश्वविद्यालय, बेन्टो जार्ज मार्ग, साउथ कैम्पस, साउथ मोतीबाग, नई दिल्ली–110021(अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 2. | निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर । | सदस्य |
| 3. | **प्रो0 मनोज सिंह गौर,**<br>निदेशक, आई0आई0टी0, जम्मू<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकीविद्) | सदस्य |
| 4. | **श्री राहुल गोयनका**<br>आटोमोबाइल इण्डस्ट्री, डी 59/146 ए, गोयनका निवास, सिगरा, वाराणसी–201010<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा बैठक प्रारम्भ होने के पूर्व बैठक में भौतिक रूप से एवं ऑन लाइन माध्यम से जुड़े समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया।

मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि कार्य परिषद की विगत बैठक दिनांक 10.11.2022 को सम्पन्न हुई थी। मा0 सदस्यों को उक्त बैठक के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराने के क्रम में अवगत कराया गया कि दिनांक 24 नवम्बर, 2022 को विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ। उक्त समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में श्री अनिल खण्डेलवाल, पूर्व सी0एम0डी0, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रतिभाग किया गया था। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा की गई। समारोह में कुल 671 उपाधियाँ प्रदान की गई। विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम बार पी0एच0डी0 उपाधियाँ प्रदान की गई जिसमें 06 पी0एच0डी0 छात्रों द्वारा पी0एच0डी0 उपाधि प्राप्त की गई। 471 बी0टेक0, 148 एम0सी0ए0, 46 एम0टेक0 उपाधियाँ छात्रों द्वारा समारोह में प्राप्त की गई।

विश्वविद्यालय में रिसर्च स्कालर बढ़ाने हेतु पी0एच0डी0 प्रवेश शीत ऋतु में भी लिये गये हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय में छात्रों की परीक्षायें संचालित है।

कैमकान–2022 के नाम से एक अन्तराष्ट्रीय कान्फ्रेंस विश्वविद्यालय के केमिकल इंजी0 विभाग द्वारा सोसाइटी ऑफ केमिकल इंजी0 के साथ मिलकर दिनांक दिसम्बर 27–30, 2022 तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की गई थी। उक्त कान्फ्रेंस में विश्वविद्यालय के केमिकल टेक्नोलॉजी विधाओं के समस्त शिक्षकों के अतिरिक्त अनेकों छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। नोबेल प्राइज हेतु नामित इस संस्थान के पूर्व छात्र प्रो0 नसीब कुरैशी ने भी कैमकान–2022 में भाग लिया तथा संकाय सदस्यों को विभाग के उत्थान तथा प्रयोगशालाओं के उच्चीकरण हेतु सुझाव दिये।

वर्तमान में विश्वविद्यालय में नैक एक्रीडिटेशन हेतु विभिन्न गतिविधियां चल रही हैं और हमने डी0वी0वी0 दिनांक 21.02.2023 को प्रेषित कर दिया है तथा विशेषज्ञ टीम का निरीक्षण हेतु आगमन अप्रैल 2023 तक सम्भावित है।

हम विश्वविद्यालय के अर्हताधारी विभागों जैसे– सिविल इंजी0, इलेक्ट्रिकल इंजी0 और केमिकल इंजी0 के एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु SAR भी प्रेषित कर रहे है।

विगत वर्ष विश्वविद्यालय के छात्रों का सेवायोजन अपने अधिकतम स्तर अर्थात 509 ऑफर पर था और इस वर्ष भी अभी तक 400 से अधिक सेवायोजन ऑफर प्राप्त हो चुके है।

मा0 सदस्यों के सुझावानुसार बैठक में एक विभाग द्वारा उनके विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजेन्टेशन दिये जाने के क्रम में डा0 सी0एन0 सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग द्वारा प्रेजेन्टेशन दिया गया तथा मा0 सदस्यों ने भी विभाग के सुधार हेतु अनेक सुझाव दिये यथाः

(1) विभाग की सभी प्रयोगशालाओं में दक्ष तकनीकी कार्मिकों को तत्काल आउटसोर्स के माध्यम से आबद्ध किया जाय।

(2) राजकीय पालीटेक्निक, कानपुर के अन्तिम वर्ष के छात्रों को पास होने के बाद प्रयोगशालाओं के टेक्निकल पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से आबद्ध किये जाने की सम्भावनाओं पर विचार किया जाय।

(3) पी0एच0डी0 एवं एम0टेक0 स्टूडेन्ट की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाय जिससे रिसर्च में सुधार हो सके।

बैठक में उपस्थित मा0 सदस्यों द्वारा मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्तुत प्रगति आख्या एवं विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रेजेन्टेशन पर संतोष व्यक्त किया गया तत्पश्चात 22वीं कार्य परिषद की बैठक के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 22.01 : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 10.11.2022 को सम्पन्न 21वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद ने विश्वविद्यालय की दिनांक 10.11.2022 को सम्पन्न 21वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**मद सं0 22.02 : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 10.11.2022 को सम्पन्न 21वीं बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद ने दिनांक 10.11.2022 को सम्पन्न 21वीं बैठक मे लिये गये निर्णयों मे की गयी कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया एवं मद सं0 21.01 के अन्तर्गत 20वीं बैठक के कार्यवृत्त के पुष्टिकरण के प्रकरण पर प्रस्तुत बायोकेमिकल इंजी0 विभाग हेतु सह आचार्य, अनारक्षित श्रेणी के विज्ञापित पद के सापेक्ष चयन समिति की संस्तुतियों के लिफाफे को खोलने की कार्यवाही की भी पुष्टि की गई।

मद सं0 22.03: **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 21.02.2023 को सम्पन्न 15वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा दिनांक 21.02.2023 को सम्पन्न विद्या परिषद की 15वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 22.04 : **शताब्दी भवन एवं राधाकृष्णन सभागार के किराये का पुर्नमुल्यांकन हेतु किये गये समिति के गठन की कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 22.05 : **रिक्त शैक्षिक पदों पर नियमित चयन प्रकिया एवं रिक्रूटमेंट रूल्स सम्बन्धी प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा रिक्त शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया प्रारम्भ करने पर सैंद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई तथा प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने से पूर्व रिक्रूटमेंट रूल्स एक समिति के माध्यम से बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा इस हेतु निम्नोक्तानुसार समिति गठित की गई :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रति कुलपति<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | संयोजक |
| 2. | प्रो0 मनीष गोस्वामी,<br>प्रोफेसर,<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज। | सदस्य |
| 3. | सम्बन्धित विभागाध्यक्ष | सदस्य |

समिति से प्राप्त होने वाले रिक्रूटमेंट रूल्स को अनुमोदित करने तथा तद्नुसार अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय, कार्य परिषद को अधिकृत किया गया।

मद सं0 22.06 : **कानपुर मेट्रो रेल परियोजना हेतु आवंटित कुल 12 हेक्टेयर भूमि में से कास्टिंग यार्ड हेतु आवंटित 06 हेक्टेयर भूमि की समयावधि को विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के कास्टिंग यार्ड हेतु विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण की 06 हेक्टेयर भूमि के अनुबन्ध को आगामी 03 वर्षो हेतु विस्तारित किये जाने की अनुमति इस शर्त पर प्रदान की गई कि वर्तमान जिलाधिकारी सर्किल रेट पर ही इसे किराये पर दिया जाय।

मद सं0 22.07 : **विश्वविद्यालय मेंएवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के रेगुलेशन दिनांक 01.03.2019 के अनुरूप Professional Development Grant तथा Research Promotion Grant की व्यवस्था लागू किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा परिषद के सम्मुख प्रस्तुत Research Exellence Awards सम्बन्धी प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक रूप से सहमति व्यक्त की गई तथा अवार्डस के Eligibility Criteria तय किये जाने हेतु निम्नोक्त समिति का गठन किया गया :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अधिष्ठाता,<br>शोध एवं विकास,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | संयोजक |
| 2. | अधिष्ठाता,<br>शैक्षिक क्रियाकलाप,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | अधिष्ठाता,<br>छात्र कल्याण,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

समिति से अपेक्षा है कि वह विभिन्न विधाओं के Journals की एक विस्तृत सूची बनाये तथा Paid Journals को उसमें शामिल न करें। Impact Factor लेते समय कुछ बहुत अच्छे Journals जिनका Impact Factor कम होता है यथा सोसायटी जनरल्स, उन्हें भी सूची में सम्मिलित किया जाय। इसके अतिरिक्त पेटेन्ट भी शामिल किये जाये। समिति से प्राप्त होने वाली आख्या को अनुमोदित किये जाने हेतु मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद को अधिकृत किया गया।

"Professional Development Grant" तथा "Research Promotion Grant", वित्त समिति की 20वीं बैठक के मद सं0 20.07 में अनुमोदित तथा परिषद द्वारा मद सं0 22.23 के अन्तर्गत अनुमोदित कार्यवृत्त के अनुसार होगा।

**मद सं0 22.08 : विश्वविद्यालय में एल्यूमिनी सेल स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद के सम्मुख एल्यूमिनी सेल स्थापित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही एल्यूमिनी एवं विश्वविद्यालय के बीच सामंजस्य स्थापित किये जाने हेतु प्रस्तावित एल्यूमिनी सेल के गठन में आंशिक संशोधन करते हुये निम्नानुसार गठन पर अनुमोदन प्रदान किया।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अधिष्ठाता,<br>योजना एवं श्रोत जनन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | सह अधिष्ठाता,<br>योजना एवं श्रोत जनन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |
| 3. | दो संकाय सदस्य,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर।<br>(मा0 कुलपति द्वारा रोटेशन बेसिस पर दो वर्ष के लिये नामित) | सदस्य |
| 4. | छात्र प्रतिनिधि,<br>(UG Programme)<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर।<br>(मा0 कुलपति द्वारा एक वर्ष के लिये नामित) | सदस्य |

उपरोक्त समिति, एल्यूमिनी द्वारा प्रेषित प्रत्येक प्रस्ताव विशेष पर वित्तीय मदद सम्बन्धी प्रस्ताव का अध्ययन करेगी एवं विश्वविद्यालय की आवश्यकतानुरूप वित्तीय मदद किस आधारभूत सुविधा अथवा अन्य प्रयोजनार्थ प्रयोग की जानी है, का निर्धारण कर अपनी आख्या उपलब्ध करायेगी।

**मद सं0 22.09 : विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्याताओं को आवद्ध किये जाने हेतु मानदेय बढ़ाये जाने पर विचार ।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के अतिथि व्याख्याताओं को तात्कालिक प्रभाव से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन रू0 57700/– प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 22.10 : लक्ष्मणबाग में स्थित आवास, बंगला नं0 7, ट्रांजिट हास्टल को विशिष्ट अतिथि गृह (वी0वी0आई0पी0 गेस्ट हाउस) बनाये जाने हेतु विचार के सम्बन्ध में।

परिषद द्वारा लक्ष्मणबाग स्थित आवास, बंगला नं0 7, ट्रांजिट हास्टल को विशिष्ट अतिथि गृह बनाये जाने के प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की तथा वृहद प्रस्ताव वित्तीय उपाशय के साथ वित्त समिति के माध्यम से आगामी कार्य परिषद की बैठक में प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा की गई।

**मद सं0 22.11 : विश्वविद्यालय में भारत के बाह्य छात्र/छात्राओं के प्रवेश उपरान्त उनसे सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण हेतु अधिष्ठाता, अर्न्तराष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप का पद सृजित किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 22.12 : विश्वविद्यालय मे अर्जित अवकाश आगणन की कार्यविधि का सरलीकरण किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्यवाही किये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। इस सम्बन्ध में शासनादेशों को अंगीकृत करने के स्थान पर सम्बन्धित समस्त शासनादेशों का अध्ययन कर एक समेकित नियमावली बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**मद सं0 22.13 : सेवानिवत्ति के दिनांक को सरकारी सेवकों के अवकाश लेखे मे जमा अर्जित अवकाश के बदले मे धनराशि के नगद भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुये इसे शासन को संदर्भित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 22.14 : श्री जय प्रकाश नायक, सहायक आचार्य, सिविल इंजी0 विभाग के वैध जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी प्रकरण पर मा0 उच्च न्यायालय मे योजित याचिका के सम्बन्ध मे।

कार्य परिषद द्वारा श्री जय प्रकाश नायक, सहायक आचार्य, सिविल इंजी0 विभाग के वैध जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी प्रकरण पर निर्णय प्रदान किया गया कि श्री नायक द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में दायर वाद सं0 400/2023 के निर्णयानुरूप कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

**मद सं0 22.15 : विश्वविद्यालय में बाह्य एवं अन्य श्रोतों से दान स्वरूप प्राप्त धन/सम्पत्ति, आदि को स्वीकार किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में बाह्य एवं अन्य श्रोतों से दान स्वरूप प्राप्त धन/सम्पत्ति आदि को स्वीकार किये जाने सम्बन्धी प्रस्तावित पालिसी पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 22.16 : विश्वविद्यालय में नवनियुक्त आचार्य मैकेनिकल इंजी0 विभाग डा0 राजेश कुमार वर्मा के वेतन संरक्षण पर विचार किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में नवनियुक्त आचार्य मैकेनिकल इंजी0 विभाग डा0 राजेश कुमार वर्मा के वेतन संरक्षण सम्बन्धी प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 22.17 : विश्वविद्यालय में संचालित साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी इन्टप्रोन्योर्सशिप पार्क, एच0बी0टी0आई0 (स्टेप– एच0बी0टी0आई) को विश्वविद्यालय मे विलयीकरण किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।**

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित सांइस एण्ड टेक्नोलॉजी इन्टप्रोन्योर्सशिप पार्क एच0बी0टी0आई0 (स्टेप–एच0बी0टी0आई0) के विश्वविद्यालय में विलयीकरण के प्रस्ताव पर कार्य परिषद द्वारा अपना अनुमोदन प्रदान किया गया। यह भी निर्देश प्रदान किये गये कि इस विलयीकरण के सम्बन्ध में स्टेप–एच0बी0टी0आई0 द्वारा समस्त सम्बन्धित विभागों को संज्ञानित कराया जायेगा।

अनुमोदित प्रस्ताव के अनुसार ''स्कूल ऑफ इन्टप्रोन्योर्सशिप एण्ड मैनेजमेंट'' के नाम से एक नया स्कूल संचालित किया जाय तथा शैक्षिक सत्र 2023–24 में बी0बी0ए0 की 60 तथा एम0बी0ए0 की 240 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया एच0बी0टी0यू0 के प्रवेश नियमों के अनुसार शुरू की जाय।

**मद सं0 22.18 : विश्वविद्यालय के शोध एवं विकास परिषद मे कार्यपरिषद स्तर से राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय शोध संस्थानो के दो विशेषज्ञ तथा उद्योग, वाणिज्य तथा व्यवसायिक निकायों के पॉच प्रतिनिधियों का नामांकन किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने प्रस्ताव के अध्ययन पर यह पाया कि प्रो0 जे0राम कुमार विश्वविद्यालय की विद्या परिषद में कार्य परिषद द्वारा नामित प्रतिनिधि के रूप में पूर्व से ही सदस्य है। इसके दृष्टिगत कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय की प्रस्तावित शोध एवं विकास परिषद में प्रो0 जे0राम कुमार, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, आई0आई0टी0, कानपुर के स्थान पर प्रो0 कुमार वैभव, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग आई0आई0टी0, कानपुर को सदस्य रूप में प्रतिस्थापित करते हुये समग्र प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 22.19 विश्वविद्यालय मे कार्यरत शिक्षकों/अधिकारियों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिये ग्रुप मेडीक्लेम पालिसी लागू किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के कार्मिकों हेतु मेडिक्लेम पालिसी क्रय किये जाने के प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुये यह निर्देश प्रदान किये गये कि विभिन्न एजेन्सियों से प्रस्ताव प्राप्त कर तुलनात्मक चार्ट तैयार करते हुए इसे वित्त समिति के माध्यम से परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

**मद सं0 22.20 : विश्वविद्यालय के शिक्षक डा0 वन्दना दीक्षित कौशिक, एसो0 प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, डा0 जी0एल0 देवनानी, एसो0 प्रोफेसर, केमिकल इंजी0 विभाग एवं डा0 सन्तोष कुमार, एसो0 प्रोफेसर, रसायन विभाग को विदेश जाने हेतु कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा विदेश यात्रा की अनुमति के प्रकरणों से संज्ञानित होते हुये कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 22.21 : विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद का कार्य एवं दायित्व निर्वहन हेतु की गयी व्यवस्था पर अनुमोदन।

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद के कार्य दायित्व निवर्हन पर विश्वविद्यालय द्वारा की गई व्यवस्था का संज्ञान लेते हुये अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 22.22 : विश्वविद्यालय मे कार्यरत श्री जितेन्द्र कुमार, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, को ए0सी0पी0 का लाभ प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा प्रस्ताव पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 22.23: विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 23.02.2023 को सम्पन्न 20वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा दिनांक 23.02.2023 को सम्पन्न वित्त समिति की 20वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 22.24 : अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0 22.24.01 :हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल आउटसोर्स कर्मियों की मासिक पारिश्रमिक दरों की वृद्धि पर विचार।**

मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में विगत लगभग 07 वर्षो से अधिक समय से आउटसोर्स माध्यम से कार्यरत कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रेणी के कर्मियों की सेवायें प्रत्येक माह के 26 दिवसों की दर से मासिक पारिश्रमिक के आधार पर प्राप्त की जा रही है।
अवगत कराना है कि विगत 07 वर्षो से इस श्रेणी के कर्मियों के पारिश्रमिक दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई है जबकि वर्तमान में देश में Consumer Price Index (CPI) वर्ष 2015 से 2023 के मध्य लगभग 40 प्रतिशत पर है। परिषद को यह भी बताया गया कि वर्ष 2015 से वर्ष 2018 तक विश्वविद्यालय में यू0पी0एस0आई0सी0 द्वारा निर्धारित अधिक दरों से आउटसोर्स कर्मियों को भुगतान किया जा रहा था जबकि वर्ष 2019 से निम्नलिखित दरों के अनुसार परिश्रमिक का भुगतान किया जा रहा है:

| No. | Post | Wages per Day | Total Monthly Wages | Employer Share EPF @ 13.00% | Employer Share ESI @3.25% | Total Duties Salary | Per Day Salary including ESI&EPF | Deduction EPF Employee 12% | Deduction ESI Employee 0.75% | Net Pay (Cash in Hand) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Skilled | 578.00 | 15028.00 | 0.00 | 488.00 | 15516.00 | 597.00 | 0.00 | 113.00 | 14915.00 |
| 2 | Semi-Skilled | 428.00 | 11128.00 | 1447 | 362.00 | 12937.00 | 498.00 | 1335.00 | 83.00 | 9710.00 |
| 3 | Unskilled | 349.00 | 9074.00 | 1180 | 295.00 | 10549.00 | 406.00 | 1089.00 | 68.00 | 7917.00 |

अतः आउटसोर्स कर्मियों के पारिश्रमिक दरों में वृद्धि का प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। परिषद ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में आउटसोर्स माध्यम से आबद्ध कर्मियों को अन्तरिम राहत देते हुये माह मार्च 2023 से यू0पी0एस0आई0सी0 द्वारा वर्ष 2015 में विश्वविद्यालय में आबद्ध कर्मियों को प्रदान की जा रही पारिश्रमिक दरों पर भुगतान किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये, जो कि निम्नवत् है :

| No. | Post | Wages per Day | Total Monthly Wages | Employer Share EPF @ 13.36% | Employer Share ESI @1.75% | Total Duties Salary | Per Day Salary including ESI&EPF | Deduction EPF Employee 12% | Deduction ESI Employee 0.75% | Net Pay (Cash in Hand) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Skilled {Computer Operator Grade 1 | 630.77 | 16400.00 | 0 | 287.00 | 16687.00 | **642.00** | 0.00 | 123.00 | **16277.00** |
| 2 | Skilled {Computer Operator Grade 2 | 577.81 | 15023.00 | 0 | 263.00 | 15286.00 | **588.00** | 0.00 | 113.00 | **14910.00** |
| 3 | Unskilled | 427.01 | 11102.34 | 1483 | 194.00 | 12779.34 | **492.00** | 1332.00 | 83.00 | **9687.34** |

कार्य परिषद द्वारा यह भी निर्देश प्रदान किये गये कि उपरोक्त सारणी में उल्लिखित 03 श्रेणियों में वर्गीकृत पारिश्रमिक को वर्तमान में विश्वविद्यालय में कार्यरत कुशल, अर्द्धकुशल तथा अकुशल श्रेणी के कर्मचारियों में इस प्रकार विभक्त किया जाय जिससे कि क्रम संख्या 1 में उल्लिखित पारिश्रमिक कुशल श्रेणी कर्मचारियों हेतु, क्रम संख्या 2 में उल्लिखित पारिश्रमिक अर्द्धकुशल कर्मचारियों हेतु तथा क्रम संख्या 3 का पारिश्रमिक अकुशल कर्मचारियों हेतु लागू हो। साथ ही समस्त कटौतियॉ यथा ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 इत्यादि वर्तमान प्रचलित दरों के आधार पर की जाय।

उपरोक्त के अतिरिक्त कार्य परिषद द्वारा यह भी अपेक्षा की गई कि इस सम्बन्ध में बृहद प्रस्ताव वित्त समिति के माध्यम से आगामी कार्य परिषद की बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(प्रो0 एस0के0 शर्मा)
सदस्य–सचिव

**कार्यालय – कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर– 208002**

संख्याः 2284/अदम/ओटीटीएससी/कार्यपरि0–22वी कार्यवृत्त/2022 दिनांकः03/03/2023

प्रतिलिपि : विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

(प्रो0 एस0के0 शर्मा)
सदस्य–सचिव